Regarding construction of roads and bridges on NH-327

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सभापति महोदया,बिहार राज्य अंतर्गत सुपौल जिले के सुपौल एनएच 327 ई. से बैरियाबुंच होती हुई वाया मढौना एवं मधेपुर होते हुए दरभंगा तक सड़क का निर्माण कार्य किया जाए तथा उक्त सड़क के मध्य कोसी नदी पर पुल का निर्माण किया जाए। यह कोसी क्षेत्र तथा मिथिलांचल की चिरलंबित मांगें हैं। कोसी क्षेत्र की मुख्य फसल बांस, जूट, मखाना तथा अनाज की ढुलाई कम समय में होगी, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। पुल एवं सड़क निर्माण से कोसी, मिथिलांचल सहित देश के लाखों लोगों को आवागमन की सुविधा होगी तथा व्यापार एवं जनहित की सुविधाओं में भी लाभ मिलेगा।